तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 2 मई 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोंड़ीउपरोड़ा


4

**अव्यवस्थाः पीडीएस दुकानों में चने शक्कर का गहराता जा रहा संकट**



## खबर संक्षेप

### पाली-तानाखार विधानसभा में आज फिर होगी होम वोटिंग

**कोरबा।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 अंतर्गत 28 अप्रैल को विधानसभा क्रमांक 22 कटघोरा एवं 23 पाली-तानाखार में होम वोटिंग कराया गया था। जिसमें विधानसभा क्रमांक 23 पाली-तानाखार क्षेत्र में रूट क्रमांक 1 के दो मतदाता अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित मतदाताओं का द्वितीय चरण का होम वोटिंग 2 मई को कराया जाएगा। मतदान दल चिन्हांकित मतदाताओं के घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराएंगे। मतदाता का परिचय पत्र एपिक कार्ड या अन्य वैकल्पिक दस्तावेज के द्वारा पहचान सुनिश्चित कर मतदाता को मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी जाएगी। मतदाता अपने पसंद के अभ्यर्थी के सामने निशान लगाकर मतदान करेगा।

### पूनम ज्ञानचंदानी को पीएचडी की उपाधि

**कोरबा।** अटल बिहारी वाजपेयी



विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा कोरबा निवासी पूनम ज्ञानचंदानी को राजनीति विज्ञान विषय में डाक्टर ऑफ फिलासफी की उपाधि प्रदान कि गई है। पूनम ने अटल विश्वविद्यालय से शोध निर्देशक डॉ. एस. एल निराला के निर्देशन में राजनीतिक जागरूकता में प्रिन्ट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की भूमिका एक अध्ययन (छत्तीसगढ़ के विशेष संदर्भ में) विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया। इसे को पूर्ण करने में उनकी माता ज्योति ज्ञानचंदानी प्रेरणा स्त्रोत बनी रहीं। पूनम सिन्धी समाज कोरबा की प्रथम डाक्टरेट महिला हैं।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाई बाजार में पानी की समस्या

**कोरबा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाई बाजार 10 बिस्तरीय अस्पताल संचालित है। यहां 24 घंटे प्रसव तथा आपातकालीन सेवा उपलब्ध रहती है। अस्पताल में विभिन्न बीमारियों से ग्रसित मरीजों का आना-जाना लगा रहता है। साफ सफाई और स्वच्छता बनाए रखना आवश्यक होता है। परंतु पानी की कमी के कारण यहां काफी समस्या हो रही है। अस्पताल से महज लगभग 50 मीटर दूरी पर कोयला खदान आ जाने से भूजल स्तर कम हो गया है जिसके कारण बोर सूख गए हैं। कई बार एसईसीएल प्रबंधन को अवगत कराए जाने के बाद भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पानी की समस्या दूर नहीं हो सकी है। हैवी बालस्टिंग से दीवारों में दरारें पड़ गई है। प्रतिदिन दोपहर को होने वाले हैवी ब्लास्टिंग से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के ठीक बगल में हाई स्कूल संचालित है। हैवी ब्लास्टिंग को लेकर कई बार ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर काम को बंद करा चुके हैं। गुरुवार को भिलाई बाजार के ग्रामीण गेवरा खदान में उतरकर ड्रिल मशीन व खुदाई कार्य रूकवा दिया था। ग्रामीणों के वहां से जाने के बाद पुनः हैवी ब्लास्टिंग किया गया। गेवरा प्रबंधन के रवैये से ग्रामीणों रोष व्याप्त है।

### केवी में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का आयोजन

**कोरबा।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 एनटीपीसी कोरबा में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत एक दूसरे की संस्कृति, खानपान, रहन सहन को समझने के उद्देश्य से, राज्य, संघ राज्य क्षेत्र की जोड़ी की अवधारणा के माध्यम से विभिन्न राज्यों, संघ राज्य क्षेत्रों के लोगों के बीच बातचीत और आपसी समझ को बढ़ावा देना है। राज्य भाषा सीखने, संस्कृति, परंपराओं और संगीत, पर्यटन और भोजन, खेल और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने आदि के क्षेत्रों में एक सतत और संरचित सांस्कृतिक संबंध को बढ़ावा देने के लिए एक दूसरे की गतिविधियों का आयोजन करते हैं। इसी तारतम्य में गुजरात (केवी ओएनजीसी चांदखेड़ा) पर जोड़ीदार राज्य के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन केन्द्रीय विद्यालय एनटीपीसी में आयोजित की गई।

## केंद्रीय गृहमंत्री ने कटघोरा में जनसभा को किया संबोधित

# सरोज को जिताइए, हर गांव का होगा विकास : शाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा लोकसभा क्षेत्र के कटघोरा स्थित मेला ग्राउंड में बुधवार को आयोजित आमसभा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए भाजपा प्रत्याशी डा. सरोज पांडेय के पक्ष में लोगों से मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि आप सरोज पांडेय को जिताइए, क्षेत्र के हर गांव का विकास होगा।

**खास बात**

- डा. सरोज पांडेय के पक्ष लोगों से मांगे वोट

जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है। मैं राम के ननिहाल वालों के सामने आया हूं। मुझे बताइए कि अयोध्या में राम मंदिर बनना चाहिए या नहीं बनना चाहिए था। ये कांग्रेस पार्टी जो हमारे खिलाफ लड़ रही है जिसने 70 सालों राम जन्मभूमि के मसले को अटका कर, लटका कर और भटका कर रखी। छत्तीसगढवासियों ने 11 में से 9 सीट देकर मोदी जी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया। इन 5 वर्षों में केस भी जीता, भूमिपूजन भी हुआ और 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कर जय श्रीराम कर दिया। कांग्रेस ने 5 सौ सालों तक भगवान को अपमानित कर मंदिर में नहीं बैठाया। 5 सौ साल बाद हम ऐसे भाग्यवान लोग हैं जिनके जीवन में यह दिन आया कि हमने भगवान राम के कपाल पर सूर्यतिलक देखा और ये कांग्रेस पार्टी जब अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी हमने सबको निमंत्रण भेजा, राहुल को, सोनिया को और खड़गे जी को भी निमंत्रण भेजा। मैं तो आश्चर्यचकित हो गया कि कोई रामलला के निमंत्रण को भी दुत्कार सकता है। ये कांग्रेस पार्टी माइनोरिटी के डर से उनके वोट बैंक के डर से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को ठुकराया। आप तो छत्तीसगढ़ के वासी हो, कांग्रेस वाले अगर वोट मांगने आए तो उनसे पूछना किस मुंह से वोट मांगने आए हो। आप तो हमारे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में भी नहीं गए। कांग्रेस के लिए वोट बैंक ही सबकुछ है।

***ये रहे मौजूद :*** इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं चुनाव प्रबंधन समिति के सहसंयोजक भूपेंद्र सवन्नी, लोक सभा क्लस्टर प्रभारी एवं विधायक अमर अग्रवाल, कोरबा लोकसभा प्रभारी व विधायक धरमलाल कौशिक, लोकसभा सह प्रभारी चंपा देवी पावले, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, लोकसभा संयोजक भैया लाल राजवाड़े, लोकसभा सहसंयोजक मनोज शर्मा, लोकसभा समन्वयक व विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, ननकी राम कंवर, राजनांदगांव लोकसभा संयोजक मधुसूदन यादव, विधायक प्रेमचंद पटेल, प्रदेश मंत्री विकास रंजन महतो सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और विशाल जनसमूह की उपस्थिति रही।




कटघोरा के मेला ग्राऊंड में आयोजित आम सभा के दौरान केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह।



कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह।

### यहां से नक्सलवाद को जाना ही है

श्री शाह ने सवाल किया कि छत्तीसगढ़ के लोगों मुझे बताओ नक्सलवाद खत्म होना चाहिए कि नहीं? जब भूपेश कका की सरकार थी तो नक्सलवाद को बढ़ावा देते रहे। हमारे विष्णुदेव की सरकार बनने के 4 महीने में ही 95 नक्सलियों को ढेर करने का काम किया गया। 350 लोग अरेस्ट हुए कई लोगों ने सरेंडर किया। मोदी जी ने उड़ीसा, झारखंड, महाराष्ट्र, बिहार, तेलंगाना, मध्यप्रदेश में 5 सालों में नक्सलवाद को समाप्त किया। छत्तीसगढ़ छूट गया था क्योंकि यहां भूपेश कका की सरकार थी। मैं कहकर जाता हूं कि मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाओ दो साल में छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को खत्म कर देंगे। हमारे सुरक्षा बलों ने पराक्रम दिखाया, 29 नक्सली मारे, कल भी 10 मारे गए, ये भूपेश कका निर्लजता से कहते हैं कि फर्जी एनकाउंटर हुआ। अरे भूपेश कका नक्सलियों ने स्वयं मान लिया है कि हमें बड़ा नुकसान मान लिया है ये कांग्रेस वाली शर्म नहीं करते। वोट बैंक के लिए, चुनाव जीतने के लिए इस देश में नक्सलवाद और आतंकवाद का पोषण कांग्रेस पार्टी सालों से करते आ रही है। पर आपको चिंता करने की जरुरत नहीं है। आपने यहां कमल फूल की सरकार बनाई है ऊपर भी मोदी की सरकार बनने वाली है। यहां से नक्सलवाद को जाना ही जाना है। आपके द्वारा कमल पर दबाया बटन और भाजपा को एक एक वोट मोदी को प्रधानमंत्री बनाएगा।

### भाजपा ने बड़ी नेत्री कोरबा को दी

अब तक 2 चरणों के चुनाव हो चुके हैं। दूसरे चरण में हमारे मोदी जी सेन्चुरी मारकर आगे बढ़ चुके हैं। ये तीसरा चरण है तीसरे चरण में 400 पार की दिशा में आगे बढ़ना है और तीसरे चरण में सरोज दीदी यहां से चुनाव लड़ रही हैं। कठिन सीट है और कड़ा मुकाबला है। पिछली बार आपने हमें आशीर्वाद नहीं दिया था। फिर भी हमनें सोच समझकर आप पर भरोसा कर सरोज दीदी को यहां से मौका दिया है। आप जिताओगे ना ? हर क्षेत्र के लोग कहते हैं कि हमारे सांसद को बड़ा बना दो अरे हमने तो बनी बनाई नेत्री आपको दे दी है बस आपको सिर्फ चुनकर जिताना है। कोरबा वालों इस बार गलती मत करना और सरोज दीदी को जिताना। सरोज बहन को जिताकर भेज दो, कोरबा के गांव गांव की चिंता मोदी जी करेंगे।

### कोरोना जैसी महामारी में भी राजनीति करते हैं राहुल

मोदी जी के पास 10 साल के ट्रेक रिकार्ड के साथ 25 साल का एजेंडा भी है। छत्तीसगढ़ ज्यादातर पिछड़ा वर्ग, दलित आदिवासियों का क्षेत्र है। मोदी जी ने कहा था कि जब हमारी सरकार बनेगी वो पिछड़ों की होगी, दलितों की होगी आदिवासियों की होगी। मोदी ने 10 साल में ढेर सारे काम किए हैं। हर गरीब को घर, घर में नल से जल, गैस सिलेंडर, 5 लाख का बीमा, प्रति व्यक्ति प्रतिमाह 5 किलो चावल, शौचालय दिया और कोरोना का टीका भी मुफ्त में दिया। मुफ्त टीका लगाकर देश को सुरक्षित करने का काम मोदी ने किया और ये राहुल बाबा उस वक्त भी बोलते थे कि मोदी का टीका है मत लगाना। ये तो अच्छा है कि आप लोग उनकी बात नहीं सुनते, उनकी बात कोई नहीं सुनता है और एक दिन परेशान होकर अपनी बहन को लेकर अंधेरे में टीका लगाने चले गए। अरे राहुल बाबा शर्म करो, कोरोना जैसे महामारी में भी राजनीति करते हो।

# वनांचल क्षेत्र में 70 वर्षीय वृद्ध महिला की हत्या, तहकीकात में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुदूर वनांचल क्षेत्र में एक 70 वर्षीय वृद्ध महिला की अज्ञात व्यक्ति ने पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया है। हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम घटनास्थल पहुंची थी और मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। फिलहाल हत्या की वारदात को किसने और क्यों अंजाम दिया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। एक संदिग्ध का नाम सामने जरूर आया है। जिसकी पुलिस सरगर्मी से खोजबीन में जुटी हुई है। जिसके पकड़े जाने के बाद ही मामले से पर्दा उठ सकेगा कि उसने आखिर वृद्ध महिला की हत्या क्यों और किसलिए की है।

**खास बातें**

- श्यांग थाना क्षेत्र के ग्राम छिरहुट में कल देर रात हुई थी घटना
- उपचार के दौरान जिला अस्पताल में हुई मौत, आरोपी की खोजबीन में जुटी पुलिस

मामला जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र श्यांग थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम छिरहुट में निवास करने वाली 70 वर्षीय वृद्ध महिला इतवारी बाई पति स्वर्गीय मंगल साय को मंगलवार की रात लगभग 8 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पीट-पीटकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। बताया जाता है कि गंभीर स्थिति में पूरी रात महिला घर में ही पड़ी रही। जब अगले दिन बुधवार की सुबह उसके परिजनों को इसकी भनक लगी तो उसे आनन फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान इतवारी बाई की मौत हो गई है। इतवारी बाई की हत्या किसने और क्यों की है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी और मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि जांच के दौरान पुलिस को धोबीराम नामक युवक पर पुलिस को संदेह है कि उसने इतवारी बाई नामक महिला की हत्या की है। फिलहाल पुलिस उसकी खोजबीन में जुटी हुई है। जिसे हिरासत में लिए जाने के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा कि आखिर इतवारी की हत्या किसने और क्यों की है।

### छत पर सो रहा था युवक, गिरने से हुई मौत

कोरबा। एक 30 वर्षीय युवक गर्मी से बचने के लिए अपने घर के रेलिंगविहीन छत पर सोया हुआ था। जहां नींद में सोने के दौरान उसने करवट लेने की कोशिश की और सीधे छत से नीचे आ गिरा। आनन फानन में परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम पहंदा की है। यहां निवास करने वाले गणेश कंवर 30 वर्ष पिता हरिहर सिंह मंगलवार की रात भोजन के उपरांत अपने घर के रेलिंगविहीन छत पर सोया हुआ था। जहां देर रात को करवट लेने के दौरान गणेश कंवर सीधे छत से नीचे जमीन पर आ गिरा। उसके नीचे जमीन पर गिरते ही उसकी तेज आवाज सुनकर परिजन जाग उठे और आनन-फानन में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान गणेश कंवर की मौत हो गई।

# यूपी से आकर गद्दे में कपड़ा बेचने वाले ने शुरू कर दिया जिस्मफरोशी का धंधा, खरीद लिया आलीशान मकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सैक्स रैकेट के मामले में पकड़ा गया सरगना दलाल यूपी से शहर आकर गठे में कपड़ा बेचता था, फिर उसने जिस्म फरोशी का धंधा शुरू किया और रातोंरात मालामाल हो गया,

**खास बातें**

- जिस्म फरोशी के धंधे की जानकारी मिलने पर पत्नी चली गई मायके
- दलाल सहित 11 युवक व 5 महिलाएं गए जेल

दलाल ने घुरू में मकान खरीदने के अलावा स्विफ्ट डिजायर कार भी खरीद लिया। पुलिस ने दलाल सहित 11 युवकों व 5 महिलाओं को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

मंगलवार को एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर सिविल लाइन सीएसपी उमेश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में अमेरी गोकुल पार्क, आसमां सिटी, सांई अपार्टमेंट में दबिश देकर बड़े सैक्स रैकेट का पर्दाफाश किया गया था। पुलिस ने सरगना दलाल घुरू गोकूल पार्क कालोनी निवासी रुखसार अहमद उर्फ जावेद पिता सलीम अहमद सहित 11 युवकों व 5 महिलाओं को पकड़ा था। पुलिस के अनुसार, आरोपी दलाल रूखसार अहमद उर्फ जावेद मूलतः उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। 16 साल पहले वह शहर आया आया था और किराए के मकान में रहकर कोलकाता से कपड़ा लाकर शहर में बेचने का काम करता था। कोलकाता आने जाने के दौरान उसकी देह व्यापार करने वाली महिलाओं से जान पहचान हो गई। विगत चार साल से वह कोलकाता व शहर की महिलाओं का ग्रुप बनाकर गोकुल पार्क, आसमां सिटी, सांई अपार्टमेंट में मकान किराए में लेकर महिलाओं को रखकर जिस्म फरोशी का धंधा कर रहा था। बताया जाता है इस धंधे से कमाए रुपयों से उसने गोकुल पार्क में आलीशान मकान व स्विफ्ट डिजायर कार खरीदा है। वह अपने मकान का धंधे के लिए उपायोग नहीं करता था। इस काम के लिए उसी कालोनी में अलग से किराए का मकान लेकर रखा था। वह कार का उपयोग महिलाओं की सप्लाई करने के लिए करता था। पुलिस ने उसकी कार व ग्राहक की बलेनो कार, 65 हजार ⏭ शेष पेज 3 पर

### कोलकाता की 5 युवतियों को कराया मुक्त

पकड़े जाने के बाद कोलकाता की 5 युवतियों ने पुलिस को बताया, दलाल रूखसार उर्फ जावेद कैटरिंग उन्हें काम करने झांसा देकर यहां लेकर आया था। उसके बाद वह युवतियों से दबावपूर्वक जिस्म फरोशी का धंधा करा रहा था। वहीं उन्हें सोशल मीडिया में बदनाम करने की धमकी देता था। पुलिस ने पांचों युवतियों को दलाल के चंगुल से छुड़ाकर वापस कोलकाता जाने के लिए छोड़ दिया है।

### ये हैं आरोपियों में शामिल

पकड़े गए आरोपियों में रूखसार अहमद उर्फ जावेद पिता सलीम अहमद गोकुल पार्क कालोनी, नाजिर अंसारी पिता जानीवाकर सांई विहार अमेरी, चंदन कुमार सोनी पिता सीताराम सोनी सरजूबगीजा मसानगंज, अजय कुमार चेलक पिता चंद्रमोहन चेलक बगीचापारा अमेरी, गौरव चौबे पिता राजेन्द्र नगर चौबे सांई विहार अपार्टमेंट अमेरी, दिनेश चंद्रा पिता उत्तम चंद्रा मुड़ापारा, तामेश्वर चंद्रा पिता कैलास प्रसाद चंद्रा जमनीपाली साडा दर्री कोरबा, सतीश गौतम पिता वी डी गौतम साडा कालोनी एमआईजी 2 जमनीपाली कोरबा, अफजल हुसैन पिता अली हुसैन शिवम विहार कालोनी सरकण्डा, दीपक ठाकुर पिता पवन ठाकुर पंचाली विहार राजकिशोर नगर, मधुबाला बर्मन पिता जयपाल बर्मन लाटा जरहागांव मुंगेली, रेखा कुर्रे पति राम सिंह कुर्रे पलानसरी कबीरधाम, लक्ष्मी चंद्रा पति दिनेश चंद्रा सांई अपार्टमेंट अमेरी, गीता शर्मा पति दीपक शर्मा सुचित्रा विहार कालोनी मंगला, शांता गंधर्व पति अर्जुन गंधर्व आसामां सिटी शामिल हैं।

### सर्वाधिक कोरबा के ग्राहक

पकड़े जाने के डर से दलाल ने सर्वाधिक ग्राहक कोरबा जिले के लोगों को बनाया था। कोरबा के लोग यहां आकर शबाब कबाब के साथ अय्याशी कर चले जाते थे। पॉश कालोनी में किराए का मकान होने के कारण किसी को भनक तक नहीं लग रही थी।

## घुटनों का सफल आपरेशन करने वाला राज्य का बना दूसरा चिकित्सालय

# मेडिकल कालेज के चिकित्सकों ने वृद्धा के घुटनों का किया सफल प्रत्यारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने वह करिश्मा कर दिखाया, जिसकी उम्मीद किसी को नही थी। उन्होंने सीमित संसाधन के बीच लगभग ढाई घंटे के आपरेशन के बाद वृद्धा के घुटने को बदल डाला, जिससे खुद को लाचार महसूस करने वाली वृद्धा चलने-फिरने के काबिल हो गई है। यह कामयाबी गरीब तबके के मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नही है। खास बात तो यह है कि राजधानी के बाद कोरबा का मेडिकल कॉलेज घुटना प्रत्यारोपण करने वाला दूसरा चिकित्सालय बन गया है।



सफल ऑपरेशन करने वाले चिकित्सकों की टीम।

बताया जा रहा हैं कि बालको क्षेत्र में लक्ष्मीन बाई नामक 60 वर्षीय महिला परिवार के साथ निवास करती है। वह लंबे अर्से से घुटने के दर्द से जुझ रही थी। परिजनों ने कई स्थानों पर घुटने का उपचार कराया लेकिन परेशानी कम नही हुई। धीरे- धीरे वृद्धा को चलने-फिरने में भी तकलीफ होने लगी। उसकी बढ़ती परेशानी देख बीते दिनो इलाज के लिए परिजन मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले आए। जहां परिजनों की मुलाकात अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. घनश्याम दिवान से हुई। उन्होंने वृद्धा के घुटने का बारिकी से निरीक्षण किया। इसके लिए एक्स-रे सहित कुछ अन्य जांच भी कराए गए। इस दौरान पता चला कि उसके दोनों पैर का घुटना पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके है। जिसका एकमात्र उपचार घुटना प्रत्यारोपण है जिसका खर्च महज पांच रूपया है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. घनश्याम दिवान ने बताया कि घुटना प्रत्यारोपण बेहद ही जटित उपचार है। इस पर निजी अस्पताल में करीब तीन लाख रूपए तक खर्च आ सकता है, जबकि महिला के दाहिने पैर का घुटना प्रत्यारोपण महज पांच रूपए में किया गया है। इस तरह के उपचार आने वाले दिनों में भी किए जाऐंगे। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अस्थि रोग विशेषज्ञ और उनकी टीम ने घुटने का सफल प्रत्यारोपण किया। संभवतः रायपुर के बाद कोरबा मेडिकल कॉलेज घुटना प्रत्यारोपण करने वाला दूसरा अस्पताल है। इससे पहले कुल्हा प्रत्यारोपण भी किया गया है। घुटने का सफल प्रत्यारोपण होने के बाद वृद्धा को चलने-फिरने में कोई दिक्कत नहीं होगी।

## स्काउट्स-गाइड्स का रक्तदान शिविर




**कोरबा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, द्वारा मैं रक्तदान करूंगा, मैं मतदान करूंगा थीम के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला कोरबा द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य जिस तरह रक्तदान आवश्यक है उसी तरह मतदान आवश्यक है यह बताना था। शासकीय मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय में आयोजित शिविर में शाम 4 बजे तक 22 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। शिविर का शुभारंभ 18 साल के युवा वोटर एवं रोवर थॉमस मार्टिन के रक्तदान से हुआ। थॉमस ने पहली बार रक्तदान किया और वे 7 मई को पहली बार मतदान करेंगे। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य समन्वयक (मेंबरशिप ग्रोथ) तथा जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद सादिक शेख ने 21वीं बार रक्तदान किया। सहायक राज्य आयुक्त (गाइड) एवं गाइड केप्टिन पुष्पा शांडिल्य ने तीसरी बार रक्तदान किया। ब्लड बैंक प्रभारी डा. जीएस जात्रा ने कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा निरंतर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने इस हेतु पूरी टीम का आभार जताया।



# डेब्यू के बाद भी जिम्मी शेरगिल को घर से मांगने पड़ते थे पैसे

**मुंबई।** जिम्मी शेरगिल ने अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत माचिस फिल्म से की थी। हालांकि उन्होंने फिल्म में छोटा सा किरदार निभाया था, बावजूद इसके उन्हें पहचान मिली थी। लेकिन उतना पैसा नहीं मिला था, जिससे वो मुंबई में आसानी से सरवाइव कर पाते। जिम्मी ने बताया कि उनकी स्थिति कब और कैसे सुधरी थी। जिम्मी ने बताया कि बॉलीवुड में पहचान बनाने की उनकी राह आसान नहीं थी। उन्हें कई साल लग गए थे। इस बीच गुजारा करने के लिए उन्हें अपने घर से पैसे मंगवाने पड़ते थे। इसके लिए वो बेहद शुक्रगुजार भी हैं. जिम्मी ने बताया कि बावजूद इसके उन्होंने कभी घर वापस जाने की नहीं सोची।

## लाइफ Style



# हिना
## जल्द गिप्पी ग्रेवाल संग आएंगी नजर

टीवी पर आदर्श बहू का किरदार निभाकर अलग पहचान बना चुकीं हिना खान यूं तो एक्टिंग की दुनिया में खूब नाम कमा चुकी हैं, टीवी के बाद वह एक फिल्म में भी नजर आ चुकी हैं। इन दिनों वह अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर बिजी हैं।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हिना खान सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं।अपनी फैंस के साथ वह सोशल मीडिया के जरिए जुड़ी रहती हैं और अपना हर अपडेट उनके साथ शेयर करती हैं। इन दिनों हिना खान अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर बिजी हैं। इसी प्रोजेक्ट से उन्होंने एक फोटो शेयर की है।

पहली पोस्ट में एक क्रॉस ओवर ब्रिज पर एक पुलिस वैन दिखाई दे रही है। जिस पर रात 12:43 का समय दिखाया गया है। जिसमें 'बिहाइंड द सीन्स' है। इसके अलावा एक्ट्रेस ने दूसरी पोस्ट शेयर की है, जिसमें उनके माथे पर चोट लगी दिखाई दे रही है। इन फोटोज को शेयर करते हुए हिना खान ने तस्वीर के कैप्शन में लिखा, 'क्या आप मेरी चोट देख रहे हैं खैर, ये असली नहीं है।' इसके बाद हिना ने सभी को शुभ रात्रि कहने से पहले ऐसा दिखने के लिए अपने मेकअप आर्टिस्ट सचिन की तारीफ की है।


हिना ने प्रोजेक्ट के बारे में और कोई जानकारी शेयर नहीं की है। जल्द एक्ट्रेस गिप्पी ग्रेवाल और शिंदा ग्रेवाल के साथ पंजाबी फिल्म 'शिंदा शिंदा नो पापा' में नजर आने वाली हैं।

## हॉलीवुड मसाला




# 'एवेंजर्स' की शूटिंग अगले साल

**मुंबई।** अगर आप हॉलीवुड फिल्मों के शौकीन हैं तो आपने एवेंजर्स फिल्म सीरीज जरूर देखी होगी. इस फिल्म को फैंस खूब पसंद करते हैं। साल 2019 में इस सीरीज की पिछली फिल्म आई थी। इसके बाद से ही सभी को इस सीरीज की अगली फिल्म का इंतजार है। अब इसे लेकर धीरे-धीरे डिटेल्स आने लग गई हैं। एवेंजर्स एंडगेम के बाद कहानी के प्लॉट में काफी बदलाव किया जा रहा है।रिपोर्ट्स की मानें तो इस बार सुपरहीरोज की टीम ज्यादा बड़ी नहीं होगी और लिमिटेड स्टार्स ही अगली फिल्म की कास्ट में शामिल होंगे।



# बीबर ने कोचेला में परफॉर्मेंस के बाद शेयर की रोते हुए फोटो...

**मुंबई।** जस्टिन बीबर की इंडिया में भी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उन्होंने हाल ही में कोचेला में परफॉर्म किया, जिसकी फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इसी के साथ उन्होंने अपनी रोती हुई फोटोज भी पोस्ट कीं, जिन्हें देखकर फैंस शॉक्ड रह गए। हर कोई पूछ रहा है कि आखिर जस्टिन को हुआ क्या है? उन्होंने कोचेला की भीड़ को तब हैरान दिया, जब वो एक गाने के लिए टेम्स के साथ स्टेज पर पहुंचे। उनकी परफॉर्मेंस ने सबका दिल जीत लिया। इसके बाद जस्टिन ने अपनी कुछ फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर कीं, लेकिन दो तस्वीरों में उनकी आंखों में आंसू देखकर फैंस हैरान रह गए। 30 साल के जस्टिन बीबर की जिंदगी रोलर-कोस्टर की तरह रही है। उन्होंने कई अप्स एंड डाउन देखे। उन्हें 'रामसे हंट सिंड्रोम' नाम की बीमारी हो गई, जिसकी वजह से उनके आधे चेहरे पर पैरालिसिस हो गया था।



# कल्कि 2898... की तुलना हॉलीवुड मूवी से

**मुंबई।** साउथ के फेमस स्टार प्रभास की अपकमिंग मूवी 'कल्कि 2898 एडी' लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। ये फिल्म पहले 9 मई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे आगे खिसकाकर 27 जून कर दिया गया है। इस बीच कुछ यूजर्स ने दावा किया कि ये फिल्म हॉलीवुड मूवी 'ड्यून' से मिलती-जुलती लग रही है। अब इस पर डायरेक्टर नाग अश्विन ने जवाब दिया है। हैदराबाद में वीएफएक्स समिट में नाग अश्विन से पूछा गया कि उनकी आने वाली फिल्म 'ड्यून' जैसी क्यों दिखती है और क्या उन दोनों में कोई समानता है? इसके जवाब में उन्होंने कहा, यह रेत के कारण है। उन्होंने देखा कि फिल्म में रेत है, नहीं? बेसिकली, जब भी रेत होगी, यह ड्यून की तरह दिखेगी।'अमेरिकन साइंस फिक्शन मूवी 'ड्यून' का पहला पार्ट साल 2021 में आया था।




# राजकुमार हुए भेदभाव के शिकार...

**मुंबई।** राजकुमार राव आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। एक्टर ने अपनी मेहनत से पहचान बनाई है, लेकिन उनकी ये राह आसान नहीं थी। उन्होंने बताया कि इसके लिए उन्हें भेदभाव सहना पड़ा, कई बार फिल्मों से बिना वजह रिप्लेस किए गए। अपने अब तक के पूरे करियर में उन्होंने इंडस्ट्री के कई रंग देखे हैं। राजकुमार जल्दी ही दिव्यांग बिजनेसमैन श्रीकांत बोला की बायोपिक फिल्म 'श्रीकांत' में नजर आने वाले हैं। जैसे फिल्म की टैगलाइन में कहा गया है कि 'आ रहा है सबकी आंखें खोलने' वैसे ही राजकुमार ने बताया कि कैसे इंडस्ट्री में उनकी आंखें खुलती गई हैं। एक्टर बोले- शुरुआत में मुझे कई फिल्म्स में से रिप्लेस किया गया था, क्योंकि कुछ बड़े एक्टर्स उन फिल्मों को करना चाहते थे। मुझे लगा था वाह सच में यहां ऐसा होता है।

## टीवी मसाला

# पर्दे पर वापसी को तैयार हैं 'चकोर'

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस मीरा देओस्थले को 'चकोर'से घर-घर में पहचान मिली थी। इस सीरियल से खूब लोकप्रियता हासिल करने वाली एक्ट्रेस मीरा देओस्थले ने साल 2014 में सीरियल 'ससुराल सिमर का' डेब्यू किया था। इस सीरियल में वह सपोर्टिंग रोल में नजर आई थीं। उसके बाद वह 'जिंदगी विन्स और 'दिल्ली वाली ठाकुर गर्ल्स जैसे सीरियल्स का हिस्सा रही थीं। इन दिनों मीरा टीवी शो 'कुछ रीत जगत की ऐसी हैं, में नंदिनी की भूमिका में नजर आ रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इस सीरियल में काम करने और मैरिज इंस्टिट्यूशन पर अपनी राय पेश की। वह कहती हैं कि शादी एक खूबसूरत बंधन के साथ -साथ बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। मीरा ने कहा, 'मुझे लगता है कि शादी एक खूबसूरत मिलन है और एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। एक नए परिवार में आते ही एक महिला का जीवन बदल जाता है। मेरे किरदार नंदिनी के लिए, रत्नशी परिवार का हिस्सा होने का उत्साह बहुत अधिक है, लेकिन इसके पीछे असहज तनाव छिपा हुआ है। उन्होंने आगे कहा, 'नरेन के पिता हेमराज एक चेतावनी देते हैं, और रौनक की छिपी हुई हरकतें भ्रम को बढ़ा देती हैं।



# टेंशन फ्री रहने के लिए डांस का सहारा लेती हैं 'अंगूरी भाभी'...

**नई दिल्ली।** टेलीविजन शो 'भाभीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाभी का किरदार निभाने के लिए मशहूर अभिनेत्री शुभांगी अत्रे कलाकार होने के साथ-साथ डांस टीचर भी हैं। उन्होंने कहा कि डांस उन्हें तनाव और नकारात्मकता दूर करने में मदद करता है। 'इंटरनेशनल डांस डे'पर डांस के प्रति अपने जुनून के बारे में बात करते उन्होंने कहा, 'एक एक्ट्रेस होने के अलावा मैं एक अनुभवी डांसर और ट्रेनर भी हूं। डांस मेरी पहचान का अहम हिस्सा है। यह एक आध्यात्मिक और भक्तिपूर्ण नृत्य शैली है जो हर गतिविधि को गहरे अर्थ से भर देती है। कथक प्रदर्शन के दौरान तबला और सितार जैसे वाद्ययंत्रों के साथ बजाया जाने वाला पारंपरिक संगीत एक अलौकिक माहौल बनाता है जो मेरे भीतर गहराई तक गूंजता है।'



# सपना चौधरी ने ऐसा जमाया रंग कि देखते रह गए फैन्स




**नई दिल्ली ।** सपना चौधरी को कौन नहीं जानता ? तेरी आंख्या का यो काजल पर डांस कर उन्होंने ऐसी पॉपुलैरिटी हासिल की है कि सब यही सोचते हैं कि ये गाना उनका है। जबकि ये गाना डीसी मदाना का है। लेकिन इसे पॉपुलैरिटी दिलाई सपना चौधरी ने। सपना ने अपने प्रोग्राम्स और इवेंट्स में इस गाने पर इतनी बार परफॉर्म किया कि ये गाना उन्हीं का पेटेंट लगता है। डांस के मामले में सपना ने अपना मुकाम बनाने में काफी मेहनत लगती है। कभी सिर्फ लोकल प्रोग्राम करने वालीं सपना आज म्यूजिक वीडियोज करती हैं, बॉलीवुड फिल्म में नजर आ चुकी हैं और यहां तक कि छोटे पर्दे के सबसे कंट्रोवर्शियल शो बिग बॉस का हिस्सा भी बन चुकी हैं।

***फिर दिखा पुराना अंदाज*** : सपना के सोशल मीडिया अकाउंट में एक वीडियो में उनका पुराना अंदाज दिखा। पुराना लुक इसलिए, क्योंकि अब सपना का स्टाइल बदल चुका है। उन्होंने अपने ही गाने 'गोरी वी हलवे हलवे चाल' पर एक वीडियो शेयर किया।

इस फिल्म का पहले रखा गया था नाम 'नफरत के वारिस'

# कयामत से कयामत तक ने पूरे किए शानदार 36 साल

**नई दिल्ली।** कयामत से कयामत तक 1988 में रिलीज हुई, एक ऐसी टाइमलेस बॉलीवुड लव स्टोरी है, जिसने कई पीढ़ियों से दर्शकों के दिलों पर राज किया है। फिल्म के गाने से लेकर कहानी और कलाकार सब पसंद किए गए। यह सिनेमा के इतिहास की सबसे पसंदीदा रोमांटिक फिल्मों में से एक के रूप में अपनी 36वीं वर्षगांठ मना रही है। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान ने बतौर लीड एक्टर फिल्म कयामत से कयामत तक से अपनी शुरुआत की थी। राज के रूप में उन्हें दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों ने खूब पसंद किया था। इतना ही नहीं फिल्म में उनकी जूही चावला के साथ केमिस्ट्री ने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा था। फिल्म में दोनों के बीच के रोमांस ने सभी के दिलों को धड़काया था। इस फिल्म ने आमिर खान और जूही चावला को बॉलीवुड में एक मजबूत स्थान दिया था और इस तरह फिल्म ने उन्हें इंडियन फिल्म इंडिस्ट्री में एक आइकॉनिक फिगर्स में से एक बना दिया।



### शानदार थी फिल्म की कहानी

कयामत से कयामत तक फिल्म का पहले नाम 'नफरत के वारिस' रखा गया था। लेकिन फिर इस नाम को बदलकर कयामत से कयामत तक कर दिया गया था। मंसूर खान की इस फिल्म की कहानी न सिर्फ शानदार थी, बल्कि इसके टाइमलेस गाने ने भी लोगों पर गहरी छाप छोड़ी। आनंद-मिलिंद द्वारा कंपोज्ड और मजरूह सुल्तानपुरी द्वारा लिखे गए, यह साउंडट्रैक अपनी इमोशनल गहराई की वजह से दर्शकों के बीच तुरंत हिट हो गए। पापा कहते हैं, अकेले हैं तो क्या गम है और ऐ मेरे हमसफर जैसे सॉन्ग्स आज भी खूब पॉपुलर हैं।

## बोरिया बिस्तर समेटने की ला दी थी नौबत

# हिंदी सिनेमा की वो फिल्में जिन्होंने कर दिया डायरेक्टर्स का बंटाधार

*शोबिज में फिल्में हिट होने और फ्लॉप होने का खेल पूरे साल चलता है। यहां तक कि दर्शक भी बॉक्स ऑफिस आंकड़ों के अनुसार फिल्मों को टोटलते हैं। फिल्म इंडस्ट्री का ये बिजनेस तो लोगों को खूब समझ आता है, लेकिन एक फ्लॉप फिल्म कितनों को बर्बाद करती है इस पर ज्यादा बात नहीं होती। इंडस्ट्री में कई ऐसी फिल्में भी हैं जिन्होंने इसे बनाने वाले का बंटाधार कर दिया।*

मुंबई। फिल्म इंडस्ट्री देश के बड़े बिजनेस हब में शामिल है। फिल्म बनाने से लेकर उसे बेचने तक, रिलीज से पहले कई पड़ाव आते हैं, जिसमें खूब पैसा भी लगता है। जब कोई फिल्म हिट हो जाती है, तो लागत और प्रॉफिट के साथ पैसा लगाने वालों की चांदी हो जाती है। वहीं, अगर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पिट गई, तो प्रोडयूसर्स का भट्ठा बैठ जाता है। जितनी महंगी फिल्म उतना ज्यादा नुकसान। फिल्म इंडस्ट्री में कई ऐसी फिल्में भी रही हैं, जिन्होंने डायरेक्टर्स का बंटाधार कर दिया। फ्लॉप फिल्म के साथ सिर्फ एक्टर्स ही नहीं, बल्कि फिल्म पिटने के लिए डायरेक्टर्स भी बराबर के जिम्मेदार ठहराए जाते हैं। कई बार तो फिल्ममेकर्स का करियर खत्म होने तक की नौबत आ जाती है।

### जानी दुश्मन




साल 2002 में आई जानी दुश्मन- एक अनोखी कहानी मल्टीस्टारर फिल्म थी। सनी देओल से लेकर अक्षय कुमार तक फिल्म में कई बड़े सितारे थे। जानी दुश्मन में लगभग 22 एक्टर्स शामिल थे। फिल्म का डायरेक्शन राज कोहली ने किया था, जो बॉलीवुड के जाने- माने फिल्ममेकर रहे थे। इस फिल्म को हिट बनाने के लिए कई पैंतरे आजमाए गए, लेकिन जब जानी दुश्मन रिलीज हुई, तो बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई। जानी दुश्मन के बाद राज कोहली ने फिर कोई फिल्म डायरेक्ट नहीं की।

### कलंक




आलिया भट्ट, वरुण धवन, माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, सोनाक्षी सिन्हा और आदित्य रॉय कपूर समेत कलंक में 6 बड़े स्टार्स शामिल थे। साल 2019 में आई इस फिल्म पर मेकर्स ने खूब पैसा लगाया था। कलंक के महंगे सेट की चर्चा भी हुई थी। करण जौहर ने फिल्म का प्रोडक्शन किया था और अभिषेक वर्मन ने डायरेक्ट किया था। कलंक को लेकर कई दावे किए गए थे, लेकिन जब रिलीज हुई थी फ्लॉप साबित हुई। करण जौहर ने फिल्म को एक धक्के की तरह बताया था। वहीं, अभिषेक वर्मन के करियर को भी कलंक ने नुकसान पहुंचाया, क्योंकि इसके बाद उन्होंने अभी तक कोई फिल्म डायरेक्ट नहीं की है। ये फिल्म वरुण धवन के करियर की पहली फ्लॉप फिल्म बनी। वहीं, आलिया भट्ट के करियर की सबसे बड़ी डिजास्टर फिल्म है। कलंक से पहले अभिषेक वर्मन ने 2 स्टेट्स डायरेक्ट की थी।

### रा-वन




शाह रुख खान और करीना कपूर स्टारर रा-वन एक बड़ी फिल्म थी। साल 2011 में रिलीज हुई इस फिल्म का हाल भी बॉक्स ऑफिस पर बेहाल साबित हुआ। रा-वन का डायरेक्शन अनुभव सिन्हा ने किया था, जो बॉलीवुड में हिट फिल्में देने के लिए जाने जाते हैं, लेकिन रा-वन ने उनकी भी कमर तोड़ दी। एक इंटरव्यू में अनुभव सिन्हा ने कहा था कि अगर 'मैं कमजोर इंसान होता, तो 2011 में रा-वन की असफलता के बाद खुद की जान ले लेता।'

### आतंक ही आतंक




आमिर खान फिल्म इंडस्ट्री के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाते हैं। फिल्म को लेकर उनकी नजर पारखी है। हालांकि, उनके खाते में भी कई फ्लॉप फिल्में हैं। 1995 में आई आतंक ही आतंक एक गैंगस्टर ड्रामा थी, जो मारियो पूजो की द गॉडफादर से प्रेरित थी। फिल्म में आमिर खान के साथ- साथ रजनीकांत और जूही चावला भी थे। ये वो दौर था, जब तीनों सुपरस्टार बन चुके थे। फिल्म को लेकर खूब हाइप बनी हुई थी, लेकिन रिलीज के बाद का नजारा हैरान करने वाला था।

## खबर संक्षेप



### परीक्षा परिणाम हुआ घोषित बच्चों को किया गया पुरस्कृत

**कोरबा।** माध्यमिक शाला आमापाली संकुल तिलकेजा विकासखंड कोरबा में 30 अप्रैल को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसकी घोषणा राज्यपाल पुरूस्कृत शिक्षक मुकुन्द उपाध्याय द्वारा की गई। संस्था की प्रधानपठिका श्रीमती शेख के हाथों से प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को अंकसूची देते हुए बधाई दी गई। शिक्षक मुकुन्द उपाध्याय ने कहा कि बच्चें 1 मई से लेकर 18 जून तक विद्यालय के सभी बच्चे गर्मी छुट्टी पर घर में ही रहकर पुरानी कॉपी के बचे पन्नों को एकत्र कर रफ कॉपी बनाएं व प्रतिदिन 2 से 20 तक पहाड़ा लेखन करेंगे। दो पेज नकल लिखेंगे व नियमित पुस्तक पाठन अभ्यास करेंगे और 19 जून को आप सभी बच्चे हमसे कॉपी चेक कराएंगे और जो बच्चें 1 मई से लेकर 18 जून तक नियमित गृह कार्य अभ्यास किये रहेंगे उन तीन सबसे सुंदर लिखावट,वाले बच्चो को मेरे द्वारा एक एक कम्पास,पेन पुरुस्कार दिया जायेगा।

### बीकन इंग्लिश स्कूल ढेलवाडीह का परीक्षा परिणाम घोषित

**ढेलवाडीह।** बीकन इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल ढेलवाडीह का नर्सरी से कक्षा 9 तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी किया गया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। मुख्य अतिथि श्रीमती संगीता राय ने विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों में नर्सरी प्रथम-दिव्यांश महंत 99.7 प्रतिशत, द्वितीय- इंग्लिश बघेल 98.2 प्रतिशत, तृतीय- ख्याति पटेल 95.7 प्रतिशत, प्रेप-1 प्रथम-दामिनी कश्यप 98.2 प्रतिशत, द्वितीय-अभ्यांश राठौर 96 प्रतिशत, तृतीय अपेक्षा सिंह 95.3 प्रतिशत, प्रेप-2-प्रथम चारुश्री 98.2 प्रतिशत, द्वितीय गौरव यादव 93.6 प्रतिशत, कक्षा 1 प्रथम-युवराज महंत 99.2 प्रतिशत, द्वितीय-नियति निर्मलकर 98 प्रतिशत, कक्षा-2 प्रथम अनिशा साहू 96 प्रतिशत, द्वितीय कल्पना 84.8 प्रतिशत, तृतीय- ज्योति कौर, कक्षा 3 प्रथम-अनंदिता सिंह 95.6 प्रतिशत, द्वितीय आरुषि यादव 86.8 प्रतिशत, तृतीय-अनिशा 84.4 कक्षा9 प्रथम अमन, द्वितीय प्राची राठौर, तृतीय योगिता बनाफर। इसके अतिरिक्त प्रत्येक कक्षा में उच्चतम उपस्थिति पुरस्कार भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मीना शर्मा, शीलप्रभा सोना, प्रेरणा तिवारी, बसंती ठाकुर, सृष्टि देवांगन, राजेश राठौर, दिलबोध महंत, सुश्री श्वेता राणा, कुसुम सहिस, अनिता बनाफर, अन्नु मंडल, रामेश्वरी पटेल, श्रीमती गिरजेश्वरी कैवर्त, सीता पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों ने डाला डाक मत, 6 मई तक डाल सकेंगे वोट

**कोरबा।** 7 मई को होने वाले तीसरे चरण के मतदान के दिन जिन सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, उनके लिए मतदान की प्रक्रिया बुधवार से शुरु कर दी गई है। 6 मई तक उनके द्वारा वोट डाला जाएगा। इसी कड़ी में बुधवार को कलेक्टोरेट परिसर में उनके लिए वोटिंग की प्रक्रिया शुरु की गई, जिसमें पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने वोड डालकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। हाथों में लगी स्याही दिखाकर उन्होंने बताया कि स्वस्थ्य लोकतंत्र के निर्माण में उन्होंने भी अपनी सहभागिता निभाई है। गौरतलब है कि पिछले विधानसभा चुनाव में बहुत सारे कर्मचारी वोट नहीं डाल सके थे। इस लिए इस बार चुनाव आयोग इस ओर काफी ध्यान दे रहा है।

### अंतर्राज्यीय बॉर्डर पर जंगल में जुआ खेल रहे 14 आरोपी पकड़े गए



**अम्बिकापुर।** अंतर्राज्यीय बॉर्डर के जंगल में जुआरियों को पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। वाड्रफनगर के बलंगी, रघुनाथनगर की पुलिस टीम द्वारा जंगल में घेराबंदी कर 14 जुआरियों को पकड़ा गया है। पुलिस ने आरोपियों से 71 हजार रुपए नगद समेत 3.15 लाख रुपए का सामान जब्त किया है। बताया जा रहा है कि बलंगी पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि मध्यप्रदेश व उत्तरप्रदेश की सरहद पर मौजूद झापर जंगल में बड़े पैमाने पर लोग जुआ खेल रहे है। सूचना मिलने के बाद एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एएसपी निमेष बरैया, एसडीओपी रामअवतार ध्रुव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा झापर जंगल में दबिश दी गई जहां लोग आम पेड़ के नीचे तिरपाल बिछाकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर 14 लोगों को पकड़ा गया है। आरोपियों के फड़ से 71 हजार 500 रुपए नगद, 14 नग मोबाइल फोन कीमत 1 लाख 45 हजार 900 रुपए व तीन बाइक 98 हजार रुपए कुल जुमला 3 लाख 15 हाजर 400 बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है ।

## बैरंग लौट रहे राशन कार्डधारी हितग्राही

# अव्यवस्थाः पीडीएस दुकानों में चने शक्कर का गहराता जा रहा संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पीडीएस दुकानों में चना और शक्कर की सप्लाई कम होने से हितग्राहियों को कम मात्रा में खाद्यान्न सामाग्री मिल रही है और कई हितग्राही बैरंग लौट रहे हैं। चुनावी दौर होने के कारण हितग्राहियों के इस खाद्यान्न कटौती की ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है और हितग्राही इसकी शिकायत भी करने लगे हैं।

**खास बात**

- आपूर्ति कम होने से हितग्राहियों को नहीं हो रहा समय पर वितरण



पीडीएस दुकान में राशन लेते हितग्राही।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत बीपीएल, अंत्योदय, निराश्रित कार्डधारियों को पीडीएस दुकानों से दी जाने वाली खाद्य सामाग्री में कटौती सामने आ रही है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक चलने वाली पीडीएस दुकानों में इस समय यही स्थिति हितग्राहियों के सामने उत्पन्न हो रही है। उनकी मानें तो चना और शक्कर जैसी आवश्यक खाद्य सामाग्री में कटौती हो रही है। वहीं दुकान संचालकों की मानें तो सप्लाई मांग के अनुरूप नहीं होने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है। इधर खाद्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उनके पास जितने की डिमांड आती है उतना ग्राम पंचायतों व नगरीय निकाय के दुकानों को आबंटित कर दिया जाता है। जिले में लगभग 400 पीडीएस दुकानें संचालित हैं, जिनमें 60 दुकानें शहर में संचालित हैं। ग्रामीण अंचलों में सप्लाई को लेकर लेटलतीफी की बात समझ में आती है, किंतु शहरी क्षेत्र की पीडीएस दुकानों में खाद्य सामाग्री की सप्लाई नियमित नहीं होने की बात गले नहीं उतरती।

**नान को है सप्लाई का ठेका**

नागरिक आपूर्ति निगम को खाद्य सामाग्री पीडीएस दुकानों में भंडारण करने की जिम्मेदारी में है। जिसके द्वारा ठेके के माध्यम से सभी शहरी और ग्रामीण अंचलों की पीडीएस दुकानों में खाद्य सामाग्रियों का भंडारण किया जाता है। जिस तरह से हितग्राहियों के सामने खाद सामाग्री में कटौती की जानकारी मिल रही है उससे सप्लाई कंपनी पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। कई दूरस्थ ग्रामीण अंचल ऐसे हैं जहां पिछले महीने के आधी खाद्य सामाग्री ही पहुंची है। जिसकी शिकायतें लगातार बड़े पैमाने पर हितग्राहियों द्वारा जिला प्रशासन को किए जाने के बावजूद खाद्य सामाग्री की सप्लाई एवं हितग्राहियों को वितरण किए जाने वाले कार्यों की लंबे समय से समीक्षा भी नहीं हुई है।

## नव विवाहिता की फांसी के फंदे में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक नव विवाहिता ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां तहसीलदार की उपस्थिति में पुलिस द्वारा मामले में वैधानिक कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम तरदा की है। यहां निवासरत कामेशकांत जायसवाल की 2 वर्ष पूर्व मुंगेली जिला के जरहागांव क्षेत्र में निवास करने वाली युवती कविता जायसवाल 25 वर्ष से हुई थी। कविता जायसवाल बीती रात को भोजन उपरांत अपने कमरे में सोने चली गई थी इस बीच न जाने ऐसा क्या हुआ कि कविता ने अपने ससुराल में साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह लगभग 5 बजे जब कविता की सास नींद से जागी तो उसे फांसी के फंदे में देख उसके होश उड़ गए और उसने तत्काल इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। जिसके बाद मौके पर पुलिस की टीम व तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी पहुंचे और फंदे से शव को नीचे उतारा गया और मामले में वैधानिक कार्रवाई कर मामले की जांच की गई। हालांकि घटनास्थल पर पुलिस को कोई भी सुसाइड नोट या किसी अन्य गतिविधि की जानकारी नहीं मिली है। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। कविता ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### जहरीले जीव के काटने से 13 वर्षीय मासूम की मौत

**कोरबा।** एक 13 वर्षीय मासूम को किसी जहरीले जीव ने काट लिया जब परिजनों को इसकी भनक लगी तो परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढेलवाडीह दादरकला निवासी भरत लाल के 13 वर्षीय पुत्र अभिषेक को मंगलवार की रात किसी जहरीले जीव ने काट लिया था जब अभिषेक ने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। जिसके बाद परिजन उसे आनन-फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन अस्पताल पहुंचते ही उसकी मौत हो गई।

## कटघोरा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी सरोज का रोड शो



रोड शो के दौरान भाजपा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय व भाजपा कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाजपा सांसद प्रत्याशी डॉ.सरोज पांडेय मंगलवार को अपने चुनावी जनसंपर्क के दौरान कटघोरा विधानसभा पहुंची, जहां उन्होंने विधानसभा के दो अलग अलग जगह गेवरा व छूरी बाजार में रोड शो करते हुए स्थानीय व्यापारियों व निवासियों से वोट मांगा। प्रत्याशी के पहुंचने पर स्थानीय कार्यकर्ताओ ने गाजे-बाजे के साथ भाजपा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय का स्वागत किया। सरोज पांडेय ने रोड शो की शुरुआत मंदिर मे पूजा-आराधना से की। रोड शो के दौरान प्रत्याशी अपने उद्बोधन में जनता के समक्ष केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश में कई कामो की सरकार बनने के बाद गारंटी दी थी वह सब पूरी होती दिखी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 में विकसित भारत संकल्प की गारंटी दी है जो पूरे होने की गारंटी है। साथ ही उन्होंने जन जन को डबल इंजन सरकार के अनेकों विकास कार्य गिनाए और पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस के शासन को कुशासन बताया। रोड शो के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा एवं महिला कार्यकर्ता शामिल हुए। साथ ही सभी ने बाइक रैली निकालते हुए शहर के लोगों का अभिवादन किया। रैली में कार्यकर्ताओं के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय जनता पैदल चलती नजर आई। उत्साहित कार्यकर्ताओ ने सांसद प्रत्याशी सरोज पांडेय को कोरबा के विकास एवं नरेंद्र मोदी को अबकी बार 400 पार के नारा के साथ प्रधानमंत्री बनाने के लिए प्रत्याशी सरोज पांडेय को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए जगह जगह पर जन जन से अपील की।

## सप्ताह में तीन दिन ही जेल में पहुंचते हैं डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

औद्योगिक नगरी होने की वजह से देश के विभिन्न राज्यों के लोग यहां आना-जाना करते हैं। यही वजह है कि यहां जेल में कैदियों की क्षमता से अधिक रहती है। जिला जेल में स्थाई चिकित्सक की लगभग एक साल पहले सेवानिवृत हुए थे। इसके बाद से अब तक जिला जेल में स्थाई डॉक्टर की पदस्थापना नहीं हो पाई है, जिसकी वजह से जेल प्रबंधन को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हालांकि जेल में बंद कैदियों को परेशानी न हो इसके लिए सप्ताह के सात दिनों में तीन दिन डॉक्टर जेल पहुंचकर कैदियों का उपचार कर रहे हैं, लेकिन स्थाई डॉक्टर की पोस्टिंग मिलने से जेल प्रबंधन को बार बार कैदियों को अस्पताल ले जाने की जहमत नहीं करनी पड़ती है और खतरा भी नहीं रहता है।

**खास बात**

- लंबे समय से स्थाई डॉक्टर की नहीं हुई है पोस्टिंग



उल्लेखनीय है कि जिला जेल की क्षमता 230 है। जहां हमेशा क्षमता से अधिक बंदी जेल में बंद रहते हैं। जहां जेल में बंद कैदी की स्वास्थ्य जांच के लिए जेल में चिकित्सक की पोस्टिंग की जाती है। पूर्व में डॉ.एमपी राठौर की जिला जेल में पदस्थापना हुई थी। लंबे समय तक जिन्होंने अपनी सेवा जेल में दी थी। बताया जाता है कि 31 जुलाई को डॉ.एमपी राठौर सेवानिवृत हो गए हैं, जिसके बाद से जिला जेल में स्थाई चिकित्सा की पोस्टिंग नहीं हो पाई है। हालांकि स्वास्थ्य अमले ने यहां सप्ताह के तीन दिन चिकित्सक की तैनाती अलग-अलग दिन की है ताकि वहां जेल में बंद कैदियों को परेशानी ना हो, लेकिन अक्सर जेल में किसी न किसी वजह से कैदियों को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाना पड़ता है। ऐसे में जेल प्रबंधन को अलग से सुरक्षा बल की डिमांड करनी पड़ती है और खतरा भी बना रहता है। जेल प्रबंधन लंबे समय से स्थाई डॉक्टर की पोस्टिंग के लिए लगातार पत्राचार कररहे हैं, लेकिन अब तक डॉक्टर की पोस्टिंग नहीं होने से जेल प्रबंधन को खासी परेशानी हो रही है। जेलर विजयानंद सिंह ने स्थानीय अफसरों के साथ साथ मंत्रालय में भी स्थाई डॉक्टर की पोस्टिंग के लिए पत्राचार किया गया है। अब देखना है कि जेल में कब तक स्थाई डॉक्टर की पोस्टिंग हो पाती है।

**अलग-अलग दिन पहुंचते हैं तीन डॉक्टर**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जिला जेल में कैदियों की इलाज के लिए अस्थाई तौर पर हमर क्लीनिक में पदस्थ चिकित्सकों की अस्थाई तौर पर पोस्टिंग की गई है, जिसमें तीन चिकित्सक अलग अलग दिन पहुंचकर जेल में बंद बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हैं। बताया जाता है कि डॉ.रजत राठौर इमलीडुग्गू स्थित यूएचडब्ल्यूसी में पदस्थ हैं जो प्रत्येक मंगलवार को जिला जेल पहुंचते हैं जबकि डॉ.हरीश गभेल बेलगरी बस्ती स्थित यूएचडब्ल्यूसी में पदस्थ हैं जो प्रत्येक गुरुवार तथा डॉ.प्रशस्य मित्र गुप्ता यूएचडब्ल्यूसी सीतामणी में पदस्थ हैं जो प्रत्येक शनिवार को जिला जेल पहुंचकर बंदियों का इलाज करते हैं।

**किया गया है पत्राचार**

जेल में स्थाई डॉक्टर की पोस्टिंग के लिए स्थानीय अफसरों के साथ मंत्रालय में भी पत्राचार किया गया है। फिलहाल अभी तीन दिन अलग अलग चिकित्सक जेल पहुंचते हैं और बंदियों का ईलाज करते हैं। इमरजेंसी में बंदियों को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाना पड़ता है।

-विजयानंद सिंह,
जेलर, जिला जेल कोरबा

### मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मेडिकल आईसीयू से लापता हुआ मरीज

**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मेडिकल आईसीयू में भर्ती मरीज स्टाफ का बिना बताए ही कहीं चला गया। आज मरीज के बेड पर नहीं होने पर घटना की सूचना अस्पताल के स्टाफ ने पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस अचानक आईसीयू से लापता हुए मरीज की खोजबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शहर से लगे ठाकुरपुर निवासी कमलेश आ. सुखसेन (47 वर्ष) का पेट में परेशानी होने पर चिकित्सकों ने 27 अप्रैल को उसका ऑपरेशन किया था।

## मासूम की मौत के मामले में मां को सात साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग तीन वर्ष पूर्व तीन वर्षीय मासूम दूध पीने के लिए अपने माँ से जिद्द कर रहा था। इसी दौरान आवेश में आकर माँ ने अपने मासूम बच्चे को फर्श पर पटक दिया था, जिससे मासूम की मौत हो गई थी। इस मामले में माँ के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर महिला को धारा 304 भाग 2 के तहत सात साल सश्रम कारावास व 500 रूपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। मामला बालको थाना क्षेत्र के सेक्टर 5 की है। यहां निवासरत पी परमिला राव 32 वर्ष पति पी रामचंद्र ने 22 सितंबर 2021 को अपने तीन वर्षीय मासूम पुत्र सांई उर्फ सात्विक जब दूध पीने का जिद्द कर रहा था तो परमिला राव ने अपने पुत्र को फर्श पर पटक दिया था, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और उसे परिजन उपचार के लिए बालको अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया था। जहां पुलिस ने मां परमिला राव के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में पेश किया था, जहां मामले की सुनवाई हुई और परमिला राव के खिलाफ धारा 304 भाग 2 के तहत दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे 7 वर्ष सश्रम कारावास व 500 रूपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। मामले में अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक कौशल प्रसाद श्रीवास ने पैरवी की।

## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शिप्रा सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा 26 से 30 अप्रैल तक जिले में स्वास्थ्य पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य पखवाड़े के दौरान हाइपरटेंशन यानी की बीपी पर निःशुल्क परामर्श, बी.पी जांच व परिवार नियोजन व परिवार कल्याण पर निःशुल्क परार्मश प्रदान किया गया। इसके तहत बी.पी जागरूकता के अंतर्गत लोगों को जानकारी दी गई। महिलाओं और पुरुषों को परिवार नियोजन के लाभ, उपाय व परिवार नियोजन के स्थाई अस्थाई साधनों की जानकारी प्रदान की गई। इस अभियान के माध्यम से शिप्रा सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन ने समाज में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया व महिलाओं और पुरुषों की स्वास्थ्य पर समझ बनाई व स्वास्थ्य संबंधित पठन सामग्री का वितरण किया गया। स्वास्थ्य पखवाड़े के दौरान सभी लाभार्थियों को गर्मी व लू से बचने के उपायों पर भी जानकारी प्रदान की गई। इन सभी कार्यक्रमों से कुल 650 से ज्यादा पुरुष व महिलाएं लाभान्वित हुई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु संस्था के कार्यकर्ताओं ने अपना योगदान प्रदान किया।

**खास बात**

- 650 से ज्यादा पुरुष महिलाएं लाभान्वित

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की अधिकारिक यात्रा संपन्न

## लॉयंस क्लब कटघोरा छुरी सेवा कार्यों में अग्रणीः शैलेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

दी इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब से सम्बंधित संस्था लायंस क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ ला शैलेष अग्रवाल रायगढ़ की आधिकारिक यात्रा सोमवार को मुरली होटल कटघोरा में संपन्न किया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित लायंस क्लब के पदाधिकारी।

क्लब के अध्यक्ष ला अजय धनोंदिया के द्वारा क्लब के द्वारा किए गए गतिविधियों के बारे में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर को क्रमवार जानकारी उपलब्ध कराई गई। साथ ही किए गए सभी सेवा गतिविधियों का एक एलबम बनाया गया था जिसे भी अतिथि को दिखाया गया ततपश्चात क्लब के द्वारा जो स्थाई प्रोजेक्ट पर कार्य किया जा रहा है उस पर भी रौशनी डालते हुए बताया कि क्लब के द्वारा डॉयालिसिस सेवा सेंटर, पानी टँकी, बस स्टैंड यात्री प्रतिकछालय में वाटर कूलर, शव फ्रीजर व अटल व्यवसाईक परिसर छुरी में वाटर कूलर का संचालन किया जा रहा है। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने क्लब के द्वारा किये गए सभी गतिविधियों का एलबम व स्क्रेप बुक का बारीकी से निरीक्षण करते हुए क्लब की प्रशंशा की । डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ ला शैलेश अग्रवाल ने बताया कि क्लब के द्वारा एक से बढ़कर एक सेवा के कार्य जिस प्रकार से किये गए है निश्चित ही प्रशंशनीय है। उन्होंने कहा कि क्लब के द्वारा किये गए सेवा कार्यों की समय से रिपोर्टिंग भी की जा रही है रिपोर्टिंग महत्वपूर्ण होती है, रिपोर्टिंग के आधार पर ही पूरे डिस्ट्रिक्ट को ज्ञात होता है कि क्लब के द्वारा किस प्रकार से व क्या क्या सेवा के कार्य किये जा रहे है। इस अवसर पर जोन चेयरमैन घनश्याम शर्मा, क्लब अध्यक्ष अजय धनोंदिया, क्वेस्ट चेयरपर्सन अजय गर्ग, सचिव आशीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष राकेश पांडेय, अजय श्रीवास्तव, मुकेश गोयल, दीपक गर्ग, मनोज अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, नरेंद्र मित्तल, जितेंद अग्रवाल, अंकित सिंघल, मुकेश मोटवानी, भारत भूषण, भरत अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, विक्की राजपूत, अंशुल अग्रवाल, तनुज अग्रवाल, राजुदास दीवान, गणेश अग्रवाल, रवि दत्ता, जय गर्ग, लव अग्रवाल, दीपक बंसल, विकेश अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, हीरालाल यादव, रूपेश सोनी, राकेश शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशिः-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411